Use of IAF planes by Ex-Prime Ministers

1931. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the PRIME MINISTER be pleased to state the steps taken by Government to recover the dues from Ex-Prime Ministers for the use of IAF planes?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI MALLIKARJUN): The bills in respect of non-official tours of the former Prime Ministers were forwarded to the PMO to progress the same with the agencies. PMO is being reminded regularly for recovery of the arrears.

कैंटीन स्टोर्ज डिपार्टमेंट का कार्यकरण

1932. **श्री मेत्तै पद्मनाभम** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार जवानों और एन.सी. ओज, जिन्हें सी.एस.डी. से सस्ती वस्तुयें और सेवायें आदि प्राप्त करने की सबसे अधिक आवश्यकता है, को इसके कार्यकरण में और अधिक भागीदारी देने के लिए सी.एस.डी. की सेवाओं को पूरी तरह खुला बनाने के प्रस्ताव पर विचार करेगी ;

(ख) इस संगठन को सुव्यवस्थित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ;

(ग) सरकार सी.एस.डी. के वर्तमान ढांचे में खुली प्रणाली शुरू करने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ;

(घ) क्या बाहर से अनुभवी और प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को लाने के लिए विद्यमान मार्गदर्शक प्रबंध समिति अथवा बोर्ड के आधार को व्यापक बनाया जाएगा; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके कार्यकरण में सुधार लाने हेतु बाहरी प्रतिभाशाली व्यक्तियों को न लिए जाने के क्या कारण हैं ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) कैंटीन स्टोर्स विभाग डिपार्टमेंट का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जवानों और गैर कमीशन अफसरों सहित रक्षा कार्मिकों की जरूरत की चीजें उनकी संतुष्टि के अनुसार उपलब्ध हों। इसलिए यूनिटों और स्थानीय फार्मेशनों में चलाई जा रही कैंटीनों की समय-समय पर आयोजित बैठकों में कैंटीन स्टोर विभाग के अधिकारी उनके सुझाव मांगते रहते हैं। बम्बई में कैंटीन स्टोर विभाग मुख्यालय में एक उपभोक्ता सेवा एकक भी है जो उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनता है और यह यूनिटों द्वारा चलाई जा रही कैंटीनों की उन शिकायतों को दूर करने के बारे में उनके विचार और सुझाव मांगता है। कैंटीन सेवा को और बेहतर बनाने के लिए जो सुझाव प्राप्त होते हैं उन पर पूरा ध्यान दिया जाता है कैंटीन स्टोर्स विभाग की कार्य पद्धति को ठीक प्रकार से चलाने के लिए विभिन्न अन्य उपाय किए गए हैं और किए जा रहे हैं। जैसे उपभोक्ताओं की बदलती हुई आवश्यकता के अनुसार सामान सूची की आवधिक समीक्षा करना, संवितरण पद्धति में सुधार, सामान सूची प्रबन्ध प्रणाली आदि को स्वचालित करना आदि। यह एक खुली प्रणाली है और उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करती है।

(घ) और (ङ) कटीन स्टोर्स विभाग शीर्षस्थ निर्णय लेने वाला निकाय कैंटीन सेवा नियंत्रण बोर्ड है जिसके अध्यक्ष रक्षा मंत्री हैं। तीनों सेनाओं के प्रतिनिधि भी इस बोर्ड के सदस्य हैं। बोर्ड का गठन पर्याप्त रूप से व्यापक आधार पर किया गया है इसमें तीनों सेनाओं के सेवा कार्मिकों, जिनमें गैर-कमीशन अफसर और जवान भी शामिल हैं, के हितों को भी ध्यान में रखा गया है और इसके गठन में और कोई परिवर्तन किए जाने के बारे में कोई विचार नहीं किया जा रहा है।